तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
(शिक्षा मंत्रालय ,भारत सरकार के अधीन
संभागीय कार्यालय,आई.आई.टी. कैम्पस,पवई,मुम्बई -400076
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
(Under Min. of Education, Govt. of India)
Regional Office. I.I.T. Campus, Powai, Mumbai-400 076
दूरभाष/ Tel. (022) 2572 2328, 1614 (PBX)

F.N.27350/ KVS RO Mum/20-21 Date:04.09.2020

संदेश

शिक्षक दिवस के अवसर पर मैं भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुंबई संभाग के समस्त शिक्षकों को इस पावन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

किसी भी देश के विकास में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि शिक्षक द्वारा देश के विकास हेतु छात्र रूपी स्तम्भ तैयार किए जाते हैं जिन पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। वर्तमान समय में जब समग्र विश्व कोरोना महामारी से त्रस्त है, तो भी इन विषम परिस्थितियों में केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने पूरे मनोबल एंव प्रयत्नों से छात्रों के व्यक्तिगत विकास एंव अतिरिक्त पाठ्यचर्या गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिनमें ऑनलाइन कक्षाओं का आयोजन विशेष रूप से सम्मिलित हैं |

यह आप सभी के कठोर परिश्रम एवं तप का ही परिणाम है कि आज केन्द्रीय विद्यालय संगठन का नाम देश के सबसे अग्रणीय शैक्षिक संस्थानों में लिया जाता है एवं आपसे कुशल मार्गदर्शन और विद्या अर्जित कर केन्द्रीय विद्यालयों से अध्ययनरत छात्र आज देश विदेशों में विभिन्न विभागों में शीर्ष पदों पर विराजमान होकर केंद्रीय विद्यालय संगठन का नाम गौरान्वित कर रहे हैं |

मैं पूर्णतः आश्वस्त हूँ कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षक राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में अपने योगदान से भविष्य में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

एक बार पुनः आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई |

ना रा मुरली

(एन.आर.मुरली)
उपायुक्त